सार-समाचार

कांग्रेसियों ने 1000 पौधों का वितरण किया

अजमेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल ने कहा कि स्वस्थ मानव जीवन के लिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए एवं उसकी देखभाल करनी चाहिए। पूर्व विधायक डॉ जयपाल बुधवार को कांग्रेस ओबीसी विभाग द्वारा हरा-भरा अजमेर मुहिम के अंतर्गत पौधा वितरण कार्यक्रम में औपचारिक बातचीत कर रहे थे, उन्होंने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण संतुलन एवं प्रदूषण की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के संयोजक राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मामराज सेन ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में हरा भरा अजमेर कार्यक्रम के अंतर्गत आज आमजन को 1हजार छायादार एवं फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजय पुरोहित, डॉ जितेंद्र चौधरी, फकरे मोईन, शिव बंसल, महेश चौहान, पार्षद नरेश सत्यवाना, सुनील धानका, नकुल खंडेलवाल, कुशाल कोमल, रामावतार काला, जीवन राम मेघवंशी, भावना मेघवंशी, चंद्रशेखर बालोटिया, जवाहर फाउंडेशन के मनीष अग्रवाल, सोना धनवानी, सुनील कैन, समशुद्दीन, आनन्द प्रकाश मामा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बहिराणा व छेज का आयोजन

अजमेर, (कासं)। पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति की ओर से आयोजित चेटीचंड पखवाड़े के 13वें दिन एक शाम झूलेलाल जी के नाम स्वर्गीय कन्हैयालाल की पुण्य स्मृति में पार्वती उद्यान अजय नगर में चन्द्र प्रकाश एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रकाश जेठरा ने बताया कि संत महात्माओं के सानिध्य में माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम के महन्त स्वरूपदास उदासीन, श्री शांतानन्द उदासीन आश्रम पुष्करराज के महन्त हनुमानराम, श्रीराम विश्वधाम के महन्त अर्जुनदास, गोविन्द तुलसीधाम के स्वामी ईश्वरदास, निर्मलधाम के स्वामी आत्मदास, जतोई दरबार के भाई फतनदास पखवाड़े के अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी, महामंत्री महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, लाल नाथाणी द्वारा प्रज्जवलित की गई। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आज: संयोजक व ट्रस्टी डॉ. भरत छबलानी ने बताया कि गुरूवार को को प्रात: 10 से 1 बजे तक मेडिकल चेकअप कैम्प में प्रगति नगर कोटड़ा स्थित 423 अमरापुर सेवा घर में चेटीचंड के उपलक्ष में पूरे शहर के नागरिकों के लिए शिविर लगाया गया है। जिसमें शहर के प्रमुख डॉ. श्रेया श्रीवास्तव, डॉ. जयप्रकाश केवलानी, डॉ. राजेन्द्र हेडा, डॉ. दीपक मंघनानी, डॉ. मनोहर गुरनानी, डॉ. माया गुरनानी, डॉ. भाविका मोरयानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विभाग से भी अपनी सेवाएं देंगे ओर नि:शुल्क दवाईया वितरित की जाएगी।

'वायु गुणवत्ता की जांच संतोषजनक'

ब्यावर, (निसं) हाल ही में हुई फैक्ट्री गैस रिसाव दुर्घटना के मद्देनजर प्रशासन द्वारा वायु गुणवत्ता की जांच कराई गई, जिसके परिणाम संतोषजनक पाए गए हैं। जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत ने जानकारी देते हुए बताया कि सुनील ट्रेडिंग कंपनी, बलाड़ रोड, ब्यावर के मुख्य गेट के बाहर से वायु गुणवत्ता जांच के लिए नमूना लिया गया था। इस सैंपल को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को भेजा गया था।राज्य बोर्ड के विश्लेषक, जो वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 29 (2) के तहत कार्यरत हैं, ने 02 अप्रैल को लिए गए इस नमूने का परीक्षण किया। जांच के अनुसार, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का स्तर 54.7 और सल्फर डाइऑक्साइड का स्तर 12.4 दर्ज किया गया, जो मानकों के अनुरूप है।डॉ. खडगावत ने बताया कि विश्लेषण के परिणाम अच्छे रहे हैं और आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी की आशंका नहीं है। प्रशासन सतर्कता बरतते हुए स्थिति की निगरानी जारी रखेगा।

विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम हुए

अजमेर, (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा संचालित अद्वैत शीघ्र हस्तक्षेपण केंद्र अजमेर, सागर कॉलेज, मीनू स्कूल और समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम के तहत विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में ऑटिज्म को समझने, जागरूकता बढ़ाने और समावेशी सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। 'ऑटिज़्म मुझे परिभाषित नहीं कर सकता। मैं ऑटिज़्म को परिभाषित करता हूं' अकेरी मैग्रो अद्वैत अर्ली इंटरवेंशन सेंटर ने इस संदेश को जीवंत करते हुये 2 अप्रैल को ''विश्व ऑटिज्म दिवस'' उत्साहपूर्वक मनाया, जिसमें मुख्य अतिथि एस.पी. मित्तल (वरिष्ठ पत्रकार, डॉ. शिखा माथुर (डेंटिस्ट एवं ब्लॉगर), डॉ. मेघना (मनोचिकित्सा विभाग, जेएलएन अस्पताल), डॉ. वरुण (मनोचिकित्सा विभाग, जेएलएन अस्पताल) और डॉ. मनमोहन (मनोचिकित्सा विभाग, जेएलएन अस्पताल) संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक एवं क्षमा कौशिक (सचिव एवं मुख्य कार्यकारी) ने कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद राकेश कौषिक ने संस्थागत जानकारी साझा की। डॉ. मेघना ने ऑटिज्म, इसके लक्षण और निदान पर विस्तार से जानकारी दी।

बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ आत्मविश्वास से एबिलिटी वॉक मे भाग लिया। सॉर्ट एंड मैच: बच्चों ने रंगों और आकारों को पहचानने और सही ढंग से मिलाने की कोशिश की।

सागर कॉलेज में डी.एड. और बी.एड. विशेष शिक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। संस्था के समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम एवं उदय दिव्यांगजन समूह, बबाईचा, अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में अटल सेवा केंद्र, बबाईचा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच एवं बाबा रामदेव सेवा समिति के कोषाध्यक्ष नटवर सिंह शेखावत ने की। रामलाल जाट, रूप गुर्जर, प्रीति अरोड़ा (वाइस प्रिंसिपल), सुमन जांगिड़, अकरम गोरिया सहित 100 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

जेएलएन अस्पताल में ऑटिज्म दिवस पर जागरूकता सत्र

डॉ. पार्थ सिंह मीना की अध्यक्षता में जेएलएन अस्पताल अजमेर में ऑटिज्म दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।

राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा आयोजित इन विभिन्न कार्यक्रमों ने ऑटिज्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में समावेशी सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और शिक्षाप्रद बताया।

प्रदेश महामंत्री बनने पर रूपश्री जैन का स्वागत

अजमेर, (कासं)।अजमेर शहर की जानी-मानी समाजसेविका रूपश्री जैन को नरेंद्र मोदी विचार मंच में राजस्थान प्रदेश महामंत्री के पद मिलने पर विभिन्न संस्थाओ द्वारा माला पहनाकर रूपश्री जैन का भव्य स्वागत किया गया। स्वागतकर्ता ने बताया कि वे एक जुझारू एवं कर्मठ कार्यकर्ता है।

स्वागत समारोह में प्रदेश महामंत्री रूपश्री जैन ने संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और सभी मंडल में बूथ कमेटियों के गठन एवं प्रदेश से निर्देशित कार्यक्रमों की रचना के बारे में जानकारी दी। रूपश्री जैन ने कहा कि नरेंद्र मोदी विचार मंच में उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, उसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं संगठन के सभी पदाधिकारियों की आभारी हैं। उन्होंने कहा कि वे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कार्य करेंगी।

NAME CHANGE

I, Sunil Kumar Roy Father's of Army No.18015434M, L/NK, Pankaj Kumar, R/o Amnour Dharampur Jafar, Amnour, Chhapra, Saran, Bihar, 841401 have change my name from Sunil Ray to Sunil Kumar Roy before court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army No.15342445Y, HAV, Talwinder Singh, Residing at Sehnewali, Abdal, Amritsar, P.B.143502 have change my Daughter's name from Kushpreet Kaur to Khushpreet Kaur before court campus Nasirabad

आम सूचना

मेरी सास सुगनी पत्नि गोपाल जाति रेगर निवासी ग्राम गोठियाना की मृत्यु दिनांक 6.10.2008 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम गोठियाना में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत गोठियाना में नहीं करवाया गया था। अब मैं मेरी सास सुगनी रेगर का मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने बाबत् जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो वे 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगा।
-प्रार्थी:बदाम पत्नि काना रेगर निवासी ग्राम गोठियाना तहसील अरांई(अजमेर)

आम सूचना

मेरे पति काना पुत्र छोगाराम जाति रेगर निवासी ग्राम गोठियाना की मृत्यु दिनांक 1.2.1984 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम गोठियाना में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत गोठियाना में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पति काना रेगर की मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत् जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो वे 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।
-प्रार्थी: बदाम पत्नि काना रेगर निवासी ग्राम गोठियाना तहसील अरांई(अजमेर)

मलेरिया नियंत्रण के लिए क्रैश कार्यक्रम (प्रथम चरण) शुरू

भीलवाडा। राज्य में मलेरिया उन्मूलन की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया क्रैश कार्यक्रम 2025 (प्रथम चरण) की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम 1 अप्रैल से 14 मई 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने और मलेरिया सहित अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 सीपी गोस्वामी ने बताया कि मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने और राज्य को मच्छर जनित रोगों से मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिले में 14 मई तक चलाए जा रहे इस अभियान के तहत मच्छर प्रजनन स्थलों पर विभिन्न नियंत्रण उपायों को अपनाया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से सोर्स रिडक्शन के माध्यम से मच्छरों के संभावित प्रजनन स्थलों को समाप्त किया जाएगा। एन्टीलार्वल और एन्टी एडल्ट गतिविधियाँ: लार्वा और व्यस्क मच्छरों को नष्ट करने के लिए उचित दवाओं का छिड़काव किया जाएगा। जनता को जागरूक करने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर व्यापक स्तर पर आईईसी गतिविधियां संचालित की जायेगी। ड्राई-डे व लार्वा प्रदर्शन के माध्यम से समुदाय को मच्छर जनित रोगों से बचाव की जानकारी प्रदान करने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से जनता को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत सभी ब्लॉक स्तर पर समस्त प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित करने के लिए जिला स्तर से चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। डिप्टी सीएमएचओ डॉ0 प्रवीण झरवाल ने बताया कि मलेरिया क्रैश प्रथम चरण के कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तर पर पॉजिटिव केसों के लिए समयबद्ध सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल, एन्टी एडल्ट व विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के आयोजन करने के साथ ही बायोलॉजिकल कंट्रोल की रणनीति को भी अपनाया जाएगा। इसके तहत हैचरी को सक्रिय किया जाएगा ताकि प्राकृतिक रूप से मच्छरों की संख्या को नियंत्रित किया जा सके। स्थायी जल स्त्रोतों में गम्बुशिया मछलियों को छोड़ा जाएगा, जो मच्छरों के लार्वा का सेवन कर उनके प्रसार को रोकने में सहायक होती हैं।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. झरवाल ने बताया कि मच्छरों के प्रजनन को रोकने और जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए आमजन प्रत्येक सप्ताह एक दिन 'ड्राई डे' जरूर मनाएँ। ड्राई-डे के दौरान सभी जलभराव वाले स्थानों की सफाई करें, पानी से भरे पात्रों को खाली करें और मच्छरों के संभावित प्रजनन स्थलों को नष्ट करें। आमजन को चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों का सहयोग करना चाहिए ताकि पानी में मच्छरों की उत्पत्ति को रोका जा सके।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। ड्राई-डे के दौरान मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करने में सहयोग करें, जल भराव न होने दें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सलाह का पालन करें।

निर्भय ब्रावो अवार्ड समारोह में सम्मानित होंगी छात्राएं

अजमेर, (ब्यूरो): महिला सशक्तिकरण की दिशा में सोफिया गर्ल्स कॉलेज एवं निर्भया सेना राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 8 अप्रैल को सोफिया गर्ल्स कॉलेज परिसर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी होंगे। इस अवसर पर विधायक अजमेर दक्षिण अनीता भदेल, जिला कलेक्टर लोक बंधु, जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे।सोफिया कॉलेज परिसर में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में शिविर की जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रोफेसर सिस्टम पर्ल ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से छात्राओं एवं महिलाओं को आत्म रक्षा के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना एवं स्वयं को उसके लिए तैयार करना मुख्य उद्देश्य रहेगा। इसमें शहर की 50 से भी अधिक स्कूलों की 2 से ढाई हजार छात्राएं भाग लेंगी।

घूघरा को शहरी सीमा में नहीं लेने की मांग

अजमेर, (कासं)। निकाय चुनावों को लेकर अजमेर में चल रहे परिसीमन के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्र को शहरी सीमा में शामिल किया जा रहा है। घूघरा गांव को नगर निगम सीमा में शामिल किए जाने के प्रस्ताव का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताते हुए बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन कर कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंपकर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए घूघरा गांव को शहरी सीमा में शामिल नहीं करने की मांग की। पंचायत समिति सदस्य श्रीलाल तंवर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में घूघरा के ग्रामीण बुधवार सुबह जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंप कर बताया कि घूघरा गांव की आबादी करीब पांच हजार है।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक : न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2025/890 **आम सूचना** दिनांक : 26.3.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का वितरण राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 220 में भूखण्ड संख्या 51 का भाग क्षेत्रफल 150.00 वर्गगज यानि 125.41 वर्गमीटर का आवासीय पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन प्रकरण विचाराधीन है। अतः निम्न खसरा नम्बर के भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां / कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावे।

क. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं.	क्षेत्रफल रकबा / भूखण्ड संख्या	प्रस्तावित भू-उपयोग
1.	श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री झब्बर सिंह निवासी सागर रोड कुंडलाव बस्ती आमेर आम्बर जयपुर	मदनगंज 220	क्षेत्रफल 150.00 वर्गगज	आवासीय

आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़ ।

कार्यालय ग्राम पंचायत भगवन्तपुरा पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक : न.पा.भ /2025-26/01 दिनांक : 1.04.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भगवन्तपुरा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा / दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http:// www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http: www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र.सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	Tender ID
1.	भगवन्तपुरा	ZAJ2526A0003	ZAJ2526SLOB00003	2025_PRD_455796_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भगवन्तपुरा

प्रशासक
ग्राम पंचायत भगवन्तपुरा

20 लाख की लागत से नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ

अजमेर, (निसं) । अजमेर दक्षिण विधायक श्रीमती अनिता भदेल ने बुधवार को विधायक कोष से वार्ड नं. 43 में मेयों लिंक रोड से रेलवे यूनियन ऑफिस तक नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस आरसीसी नाले निर्माण की कुल लागत 20 लाख रुपये है। विधायक भदेल ने क्षेत्रवासियों से संवाद करते हुए कहा कि यह नाला मेयो लिंक रोड से रेलवे यूनियन ऑफिस तक बनाया जाएगा।

उक्त नाला काफी क्षतिठास्त हो चुका था। जिससे पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लगता था। वर्षा ऋतु में समस्या और अधिक दयनीय हो जाती है। वर्षा के पानी की निकासी समुचित रूप से नहीं होने के कारण वर्षा का पानी घरों में आ जाता था तथा वर्षा के पानी के साथ नाले का गंदा पानी भी घरों में आ जाता था। पूरी कॉलोनी का वातावरण दूषित हो रहा था। नाले की गंदगी के साथ छोटे-मोटे जीव भी पानी के साथ बहकर घरों में घुस रहे थें। उक्त नाले के निर्माण से पूरे क्षेत्रवासियों को वर्षा व गंदे पानी से निजात दिलाई जा सकेगी। साथ ही इस नाले पर कचरा डिपो बना हुआ था, जिसके कारण गंदगी पूरी जगह फैली रहती थी। अब उक्त कचरा डिपों को भी नाले से हटा दिया जाएगा। भदेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सभी रूके हुए कार्यों को पूर्ण करवाया जाएगा।

विकास के मार्ग में किसी बाधा को नहीं आने दिया जाएगा। हमारा वीजन बिलकुल स्पष्ट है कि कोई इलाका विकास से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर आदर्श मण्डल अध्यक्ष हितेश ढाबरिया, मण्डल प्रतिनिधि एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादौन, रोमेश मिश्रा, अजीत चौधरी, राजीव अरोडा, श्याम जी, दिनेश, राकेश गुप्ता, चन्द्रप्रकाश, वीरेन्द्र, युद्धवीर, राजकुमार सोनी, कैलाश सांखला एवं अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत डबरेला पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक : न.पा.ड /2025-26/02 दिनांक : 1.04.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डबरेला के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा / दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http:// www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http: www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र.सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	Tender ID
1.	डबरेला	ZAJ2526A0001	ZAJ2526SLOB00001	2025_PRD_455823_1

जितेन्द्र सैनी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डबरेला

रामरतन चौधरी
प्रशासक
ग्राम पंचायत डबरेला

अभ्यास से बन सकते हैं बेहतर संचारक : प्रो सुहास जोशी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालयमें 'एकेडमिक लीडरशिप एंगेजमेंट लेक्चर सीरीज़' के तहत एक महत्वपूर्ण विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. आनंद भालेराव के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख शिक्षाविद एवं आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनका व्याख्यान प्रभावी संचार रणनीतियों पर केंद्रित था, जो अकादमिक, व्यावसायिक और शोध क्षेत्रों में उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं।'प्रभावी संचार के लिए रणनीतियाँ' विषय पर प्रो सुहास एस. जोशी का व्याख्यान अत्यंत जानकारीपूर्ण और प्रेरणादायक रहा, उन्होंने प्रभावी संचार के प्रमुख तत्वों पर प्रकाश डाला और इन कौशलों को बेहतर बनाने के व्यावहारिक उपाय प्रस्तुत किए।

प्रो सुहास जोशी ने कहा कि यदि आप एक अच्छे संचारक हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से शीर्ष 5 प्रतिशत में आते हैं और यदि आप अच्छे संचारक नहीं हैं, तो भी आप इस कला को सीख सकते हैं, अभ्यास कर सकते हैं और बेहतर संचारक बन सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संचार का मुख्य उद्देश्य आपके और श्रोता के बीच संवाद स्थापित करना होता है।

'प्रो. जोशी ने स्पष्टता और संक्षिप्तता के महत्व को रेखांकित करते हुए वक्ताओं को सलाह दी कि वे अनावश्यक तकनीकी शब्दजाल से बचें और सरल, सटीक भाषा में संवाद करें, उन्होंने बताया कि श्रोताओं की आवश्यकताओं और दृष्टिकोण को समझना अत्यंत आवश्यक है ताकि संदेश को उपयुक्त रूप से अनुकूलित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने लेखन से पहले विचारों को व्यवस्थित करने की रणनीतियाँ साझा कीं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि विचार स्पष्ट और तार्किक रूप से प्रस्तुत किए जाए। प्रो भालेराव ने यह भी बताया कि राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता और बौद्धिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सत्र के समापन पर आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और यह चर्चा की कि वे प्रो. जोशी द्वारा साझा की गई संचार रणनीतियों को अपने अकादमिक और व्यावसायिक जीवन में कैसे लागू कर सकते हैं।

यह आयोजन विशेष रूप से संचार की महत्ता पर एक सशक्त संदेश देकर गया कि इस कौशल में निपुणता प्राप्त करना सफलता और प्रभाव बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण साधन है।

कार्यालय ग्राम पंचायत सान्दोलिया पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक : न.पा.सा /2025-26/01 दिनांक : 1.04.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सान्दोलिया के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा / दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http:// www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http: www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र.सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	Tender ID
1.	सान्दोलिया	ZAJ2526A0002	ZAJ2526SLOB00002	2025_PRD_455803_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सान्दोलिया

प्रशासक
ग्राम पंचायत सान्दोलिया

Altum® Credo Home Finance

अल्टम क्रेडो होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

रजि. कार्यालय: फ्लोर नंबर 7, कल्पतरु इनफिनिया, वाकडेवाडी, शिवाजीनगर, पुणे 411005. महाराष्ट्र (भारत)

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए नीलामी सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के प्रावधान के साथ पठित। इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से नीचे दिए गए उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति(यों) अल्टम क्रेडो होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के पास बंधक/भारित है। लिमिटेड, जिसे आगे ACHFL के नाम से जाना जाएगा, जिसका कब्जा ACHFL के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, जो कि सुरक्षित लेनदार है, को "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर 18.04.2025 (शुक्रवार) को सुबह 11:30 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच बेचा जाएगा, ताकि नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) से ACHFL को देय भविष्य के ब्याज और लागतों के साथ नीचे उल्लिखित राशि की वसूली की जा सके।

कब्जा की तिथि	वसूल की जाने वाली बकाया राशि (सुरक्षित ऋण)	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि जमा की जानी है	निविदा खोलने की तिथि एवं समय
उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटर का नाम/ऋण खाता संख्या (LAN): 1. छोटू सिंह शेखावत / 2. ज्योति देवी / LAN-S172202000008				
11.11.2024	रु. 2,01,259/-एनपीए: 31-जुलाई-2024	रु. 5,71,941/- आरक्षित मूल्य जिसके नीचे अचल संपत्ति नहीं बेची जा सकेगी	रु. 57,194/-	18.04.2025 (शुक्रवार) प्रात: 11.30 बजे से शाम 4.30 बजे

सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण

अचल संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जिसमें एक प्लॉट नंबर 1, खसरा नंबर 486 का हिस्सा, कुल क्षेत्रफल 0.2100 हेक्टेयर में से 118/2100 हिस्सा है, गांव सेंद्रिया, तहसील और जिला अजमेर (राज.) में स्थित है, सीमाएं पूर्व में अन्य संपत्ति के पास, पश्चिम में सड़क 20 फीट चौड़ी, उत्तर में सड़क 20 फीट चौड़ी, दक्षिण में प्लॉट नंबर 02 के पास

नियम और शर्तें

1. संपत्ति का निरीक्षण: 05.04.2025 (शनिवार) दोपहर 12:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक।
2. बयाना राशि जमा करने की अंतिम तिथि और समय जिसे आगे ईएमडी के रूप में जाना जाएगा: 17.04.2025 दोपहर 12:30 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच।
3. ऊपर बताई गई ईएमडी राशि नीलामी तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12:30 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच जमा करानी होगी। आवश्यक ईएमडी जमा न करने वाले बोलीदाताओं को नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी या उन्हें तुरंत खारिज कर दिया जाएगा। जमा की गई बयाना राशि पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान की गई ईएमडी की राशि बिक्री मूल्य में समायोजित की जाएगी।
4. नीलामी के दौरान, बोलीदाताओं को अंतिम बोली के अतिरिक्त आपसी बोली में उच्चतर बोली लगाने की अनुमति होगी तथा बोली राशि में न्यूनतम वृद्धि बोलीदाताओं की अंतिम उच्चतर बोली से 10,000/- रुपये अथवा 50,000/- रुपये होनी चाहिए।
5. आरक्षित मूल्य की 15% राशि नीलामी बिक्री की पुष्टि के 24 घंटे के भीतर डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) मोड के माध्यम से भुगतान/जमा की जाएगी, और बिक्री मूल्य की शेष राशि नीलामी बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर या लिखित रूप में सहमत किसी भी विस्तारित समय के भीतर भुगतान की जाएगी। निर्धारित अवधि के भीतर बिक्री मूल्य की पूरी राशि का भुगतान न करने पर बोली मूल्य का 25% जमा जब्त कर लिया जाएगा और सफल बोलीदाता द्वारा संपत्ति पर सभी दावों को जब्त कर लिया जाएगा, और संपत्ति को फिर से नीलाम किया जा सकता है।
6. सफल बोलीदाता के नाम पर बिक्री प्रमाणपत्र सम्पूर्ण बिक्री मूल्य और अन्य शुल्क/कर, यदि कोई हो, की वसूली के बाद ही जारी किया जाएगा।
7. सफल बोलीदाता को परिवहन के लिए देय शुल्क/फीस जैसे पंजीकरण शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, जीएसटी आदि का वहन करना होगा, जो कानून के अनुसार लागू होगा।
8. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा बिक्री को स्थगित या रद्द करने का पूर्ण अधिकार है।
9. संपत्ति "जहां है, जैसी है," "जो है, जैसी है," और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जा रही है। ACHFL ने केवल ज्ञात भार, वैधानिक देनदारियों, यदि कोई हो, का खुलासा किया है, जैसा कि ऊपर बताया गया है, और सफल बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने से पहले अपनी लागत पर अपनी स्वतंत्र जांच करनी होगी।
10. ऊपर बताए गए वैधानिक बकायों के संबंध में, ACHFL बकायों को वैधानिक बकायों पर प्राथमिकता दी जाएगी। उपरोक्त के प्रतिकूल प्रभाव के बिना, वैधानिक देयता, यदि कोई हो, सफल बोलीदाता द्वारा वहन की जाएगी, और ACHFL इस संबंध में कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। 11. बिक्री ACHFL द्वारा पुष्टि के अधीन है।
12. यह नीलामी विज्ञापन ACHFL द्वारा किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। अधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों या बकाया राशि के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।

कृपया ध्यान दें: ऊपर दी गई तालिका में उल्लिखित भार के अलावा, सुरक्षित ऋणदाता ACHFL के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार अचल संपत्ति पर कोई भार नहीं

दिनांक: 03.04.2025
स्थान: अजमेर, राजस्थान

प्राधिकृत अधिकारी
अल्टम क्रेडो होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (ACHFL)